महानिदेशक, स्कूल शिक्षा
एवं
राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय

समग्र शिक्षा, विद्या भवन, निशातगंज, लखनऊ –226007

वेब-साइट: www.basiceducation.up.gov.in, ई-मेल: upefaspo@gmail.com दूरभाष: 0522-4024440, 2780384, 2781128

सेवा में,

1– प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

2– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

पत्रांक– गुण0वि0/शिक्षक संकुल/ 6635 **/2026–27 दिनांक** 10.11. **2026**

विषयः माह नवम्बर 2026 में शिक्षक संकुल बैठक के आयोजन के संबंध में।

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन द्वारा निर्गत पत्र संख्या–गुण0वि0/शिक्षक संकुल/6224/2026–27 दिनांक 21 अक्टूबर, 2026 द्वारा प्रतिमाह आयोजित होने वाली शिक्षक संकुल बैठकों को प्रभावी बनाये जाने, बैठकों में लक्ष्य आधारित चर्चा, समस्या–समाधान एवं नवाचारी शिक्षण पद्धतियों के आदान–प्रदान तथा निपुण लक्ष्य की समयबद्ध प्राप्ति हेतु गुणवत्तापूर्ण बैठकों के आयोजन के संबंध में निर्देश निर्गत किये गये हैं। तत्क्रम में आगामी शैक्षिक रणनीति विकसित किये जाने के दृष्टिगत अकादमिक बिन्दुओं पर **माह नवम्बर, 2026** में आयोजित की जाने वाली शिक्षक संकुल बैठकों के संबंध में निम्नवत् निर्देशित किया जाता है :–

1. दिनांक 17–21 नवम्बर, 2026 की अवधि में बेसिक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित कक्षा 1–8 तक के परिषदीय/मान्यता प्राप्त विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2026–27 की अर्द्धवार्षिक परीक्षा के दृष्टिगत **शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन दिनांक 16 नवम्बर, 2026 (सोमवार) को अपराह्न 1:00 बजे से 3:00 बजे तक (विद्यालय समयावधि में) संलग्न एजेण्डा बिन्दुओं (सुझावात्मक) के अनुसार किया जाये।**
2. एजेण्डा आधारित शिक्षक संकुल बैठकें प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षकों के लिये पृथक–पृथक आयोजित की जायेंगी।
3. बैठक से पूर्व शिक्षक संकुल द्वारा एजेण्डा बिन्दुओं का परस्पर विभाजन कर आवश्यक तैयारी की जाये, जिससे कि सत्रों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जा सके।
4. शिक्षक संकुल बैठकों में शिक्षकों द्वारा रोटेशन के आधार पर प्रतिभाग किया जायेगा, जिससे कि विद्यालय संचालन सुचारू रूप से सुनिश्चित किया जा सके।
5. पियर लर्निंग को बढ़ावा देने के दृष्टिगत शिक्षक संकुल की बैठकें प्रत्येक माह भिन्न विद्यालयों में आयोजित की जायेंगी।
6. राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा विद्यालय प्रार्थना सभा हेतु विकसित की गयीं 13 प्रार्थनाओं के संबंध में चर्चा की जाये।

7. **प्राचार्य, डायट, मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक (प्रशिक्षण), डायट मेण्टर, एस0आर0जी0 एवं ए0आर0पी0 द्वारा अनिवार्य रूप से एक शिक्षक संकुल की बैठक में प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाये** तथा वर्तमान शैक्षिक सत्र में निपुण लक्ष्यं की प्राप्ति हेतु शिक्षकों को प्रोत्साहित किया जाये।
8. संकुल बैठक सम्पन्न होने के उपरान्त समस्त शिक्षक संकुल द्वारा प्रेरणा ऐप पर दिये गये डी0सी0एफ0 पर बैठक आयोजन सम्बन्धी सूचना अवश्य भरी जाये।

उपर्युक्तानुसार निर्देशित किया जाता है कि अपने जनपद के समस्त शिक्षक संकुल को प्रभावी प्रदर्शन करने एवं **संलग्न एजेण्डा** के अनुसार प्रभावी बैठक आयोजित किये जाने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करना सुनिश्चित करें तथा अपने स्तर से इसका अनुश्रवण भी करने का कष्ट करें।

संलग्नक–उक्तवत्।

भवदीया,

10/11/26

(मोनिका रानी)
राज्य परियोजना निदेशक

पृ0सं0– गुण0वि0/शिक्षक संकुल/ 6635 **/2026–27 तद्दिनांक।**

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन।
2. जिलाधिकारी समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
3. मुख्य विकास अधिकारी, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
4. शिक्षा निदेशक (बेसिक) उ0प्र0, लखनऊ।
5. निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0, उ0प्र0, लखनऊ।
6. सचिव, उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद्, प्रयागराज।
7. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
8. खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त जनपद उत्तर प्रदेश।
9. जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) एवं जिला समन्वयक (निपुण भारत मिशन), समस्त जनपद उत्तर प्रदेश।

10/11/26

(मोनिका रानी)
राज्य परियोजना निदेशक

शिक्षक संकुल बैठक का एजेंडा – नवंबर 2026
(प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों हेतु)

सत्र	सत्र का नाम	सत्र का विवरण	समय	सुगमकर्ता
1.	प्रारंभिक प्रेरक उद्बोधन	बैठक की शुरुआत सकारात्मक ऊर्जा, साझा जिम्मेदारी और बच्चों के सीखने में सुधार के संकल्प के साथ की जाये। (प्राचार्य डायट/AD बेसिक/BSA/ डायट मेंटर/ BEO/ SRG/ ARP/ नोडल शिक्षक द्वारा उद्बोधन)	5 मिनट	
2.	उत्कृष्ट शैक्षिक प्रथाएँ एवं सफलता की कहानियाँ	शिक्षकों द्वारा विद्यालय स्तर पर शैक्षिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, पाठ्यक्रम पूर्णता एवं प्रभावी शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया से संबंधित नवाचारों, उत्कृष्ट शैक्षिक प्रथाओं तथा सफलता की कहानियों को साझा किया जायेगा। इसके अंतर्गत निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा की जायेगी। 1) क्रियाशील बालवाटिका के लिए अभिनव प्रयास। 2) विद्यार्थियों में आलोचनात्मक सोच तथा मौलिक चिंतन को बढ़ावा देने के लिए High Order Thinking Skills (HOTS) पर विशेष सत्र। 3) प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग (PBL) के माध्यम से विद्यार्थियों में problem solving, critical thinking एवं peer-learning, group-learning को बढ़ावा देने हेतु अभिनव प्रयास। 4) डिजिटल संसाधनों के माध्यम से रुचिकर शिक्षण।	35 मिनट	शिक्षक संकुल और शिक्षकों द्वारा
3.	प्रार्थना सभा में 13 प्रार्थनाओं एवं प्रेरणा गीतों का नियमित आयोजन	पिछले माह साझा की गई 13 प्रार्थनाओं एवं प्रेरणा गीतों का संदर्भ लेते हुए चर्चा की जायेगी कि विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान इनका नियमित एवं क्रमवार आयोजन किस प्रकार सुनिश्चित किया जा सकता है। • सभी 13 प्रार्थनाओं एवं प्रेरणा गीतों का प्रार्थना सभा में क्रम-वार (rotation) गायन किया जाये। शिक्षकों द्वारा गायन-समूह को तैयार करने, समूह गठन एवं नियमित अभ्यास हेतु विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जाये। • विद्यार्थियों के अलग-अलग समूह तैयार किये जायें, जो इन प्रार्थनाओं एवं प्रेरणा गीतों का rotation के आधार पर गायन करेंगे। समूहों में विभिन्न कक्षाओं एवं आयु वर्गों के छात्र-छात्राओं को सम्मिलित किया जाये, जिससे सभी विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके।	5 मिनट	शिक्षक संकुल और शिक्षकों द्वारा
4.	वार्षिक शैक्षिक कैलेण्डर के अनुसार पाठ्यक्रम की प्रगति एवं पूर्णता	विद्यालय के वार्षिक शैक्षिक कैलेण्डर के संदर्भ में अब तक पाठ्यक्रम की प्रगति एवं पूर्णता की चर्चा की जाये। • पाठ्यक्रम पूर्णता में यदि कोई अंतराल अथवा चुनौती है, तो उसके कारणों की पहचान की जाये। • निर्धारित पाठ्यक्रम को पूर्ण करने हेतु प्रभावी रणनीतियाँ, कार्ययोजना, शिक्षण विधियाँ एवं समय-प्रबंधन के उपाय साझा किये जायें।	10 मिनट	शिक्षक संकुल और शिक्षकों द्वारा
5.	अर्द्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी एवं प्रभावी क्रियान्वयन	अर्द्धवार्षिक परीक्षा की तैयारियों पर चर्चा की जाये। • परीक्षा से पूर्व महत्वपूर्ण एवं आवश्यक बिंदुओं की पहचान कर तैयारी की जाये। • विद्यार्थियों को परीक्षा हेतु तैयार करने, पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति, प्रश्नों के अभ्यास तथा उनकी पृच्छाओं के समाधान हेतु अपनाई जा रही अच्छी प्रथाओं एवं अनुभवों को साझा किया जाये।	15 मिनट	शिक्षक संकुल और शिक्षकों द्वारा
6.	होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड (HPC) का संधारण एवं अद्यतन	प्रथम यूनिट टेस्ट के उपरांत प्रत्येक विद्यार्थी का होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड (HPC) भरने के अनुभवों तथा अभिभावकों के फीडबैक पर चर्चा की जायेगी। • अर्ध वार्षिक परीक्षा के उपरांत HPC में निर्धारित प्रविष्टियां अंकित की जायेंगी तथा अभिभावकों के साथ साझा करते हुए विद्यार्थियों की अद्यतन प्रगति से अवगत कराया जाएगा।	10 मिनट	शिक्षक संकुल और शिक्षकों द्वारा

1

(आनन्द कुमार पाण्डेय)
वरिष्ठ विशेषज्ञ गुणवत्ता शिक्षा

	निपुण लक्ष्य ऐप एवं निपुण तालिका का प्रभावी उपयोग	निपुण लक्ष्य ऐप एवं "निपुण तालिका" के माध्यम से विद्यार्थियों के अधिगम स्तर के आकलन तथा अधिगम अंतराल को दूर करने हेतु अपनाई जा रही अच्छी प्रथाओं एवं अनुभवों को साझा किया जाये। • विद्यार्थियों के अधिगम स्तर के अनुसार कैच-अप रणनीतियों का चयन एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु चर्चा की जाये। • शिक्षकों द्वारा आपसी अनुभवों एवं अच्छी प्रथाओं का आदान-प्रदान किया जाये, जिससे इनका प्रभावी उपयोग सुनिश्चित हो सके।	10 मिनट	शिक्षक संकुल और शिक्षकों द्वारा
8.	UDISE+ पर विद्यालय, विद्यार्थी एवं शिक्षक प्रोफाइल का अद्यतन	पिछले माह की बैठक के क्रम में UDISE+ पोर्टल पर विद्यालय, विद्यार्थी एवं शिक्षक प्रोफाइल के डेटा अपडेट से संबंधित अनुभवों एवं चुनौतियों पर चर्चा की जायेगी। • डेटा प्रविष्टि के दौरान आने वाली समस्याओं तथा उनके समाधान हेतु अपनाये गये उपायों पर चर्चा की जाये। • जिन विद्यालयों में प्रोफाइल अपडेट का कार्य शेष है, तत्संबंधी कार्य पूर्ण करने हेतु कार्ययोजना बनायी जाये।	10 मिनट	शिक्षक संकुल और शिक्षकों द्वारा
9.	प्रेरणा पोर्टल पर खेलकूद गतिविधियों से संबंधित सूचना का अद्यतन	विद्यालयों में आयोजित खेलकूद गतिविधियों से संबंधित सूचनाओं एवं डेटा को प्रेरणा पोर्टल पर अद्यतन एवं अपलोड किये जाने की चर्चा की जायेगी। • खेलकूद गतिविधियों से संबंधित आवश्यक डेटा एवं विवरण प्रेरणा पोर्टल पर अद्यतन एवं अपलोड करना सुनिश्चित किया जाये। • सभी विद्यालयों में खेलकूद गतिविधियों से संबंधित सूचना समयबद्ध एवं शुद्ध रूप से अद्यतन की जाये।	5 मिनट	शिक्षक संकुल और शिक्षकों द्वारा
10.	प्रश्नोत्तरी, पुनरावलोकन एवं संकल्प के साथ समापन	बैठक के अंतिम सत्र में निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी: • प्रश्नोत्तरी एवं समाधान: बैठक में चर्चा किये गये विषयों से संबंधित प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का समाधान। • समेकन: आगामी माह के लिए शैक्षिक प्राथमिकताओं एवं कार्ययोजना का निर्धारण। • अनुभव साझा करना: "आज क्या नया सीखा?" के माध्यम से शिक्षकों द्वारा अपने अनुभव साझा करना। • संकल्प: अपने विद्यालय को निपुण विद्यालय / ग्रेड-कम्पीटेंट विद्यालय बनाने के संकल्प के साथ बैठक का समापन।	15 मिनट	शिक्षक संकुल और शिक्षकों द्वारा

(आनन्द कुमार पाण्डेय)
वरिष्ठ विशेषज्ञ गुणवत्ता शिक्षा